

वार्ड परिक्रमा
वार्ड- 26

# न पार्क है, न सामुदायिक भवन

### सड़कें गड्ढों में तब्दील, बारिश में निकलना मुश्किल



### जनता को आयोजनों के लिए होती है परेशानी



विजय शर्मा

**भोपाल, 23 अगस्त. नीलबड़ क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-26 में न तो पार्क है और न ही सामुदायिक भवन, जबकि एक एकड़ शासकीय भूमि भी खाली पड़ी है. इस वार्ड में लगभग 50 से अधिक कॉलोनी हैं. इस वार्ड में ग्रामीण क्षेत्र अधिक है.**

वार्ड लगभग 10 किलोमीटर क्षेत्रफल मे फैला हुआ है. अधिकतर कॉलोनी बिना परमिशन के बनी हैं. इस कारण कॉलोनियों का विकास नहीं हो पाया. सूरज नगर, बोरा गांव, बिसलखेड़ी, बरखेड़ी कला, बरखेड़ी खुर्द, नीलबड़ सहित अन्य नई कॉलानियों की बसाहट है. यहां पर पाइप लाइन बिछी है लेकिन पानी कम दबाव से आता है. सड़कों की स्थिति भी खराब है. सफाई तो होती ही नहीं है. नवभारत प्रतिनिधि ने वार्ड का दौरा कर समस्याएं देखीं और रहवासियों से चर्चा की. मुख्य रूप से सड़कों और सफाई न होने की समस्या सामने आई.

### प्रेमनगर में सड़कों पर गड्ढे


इस वार्ड में प्रेमनगर मुख्य मार्ग पर एक-फीट तक गड्ढे हो गए हैं. पैदल चलना भी मुश्किल है और जब बारिश हो जाए तो वाहनों को निकालना और भी खतरनाक हो जाता है. एक तो कच्चा रास्ता ऊपर से गड्ढे फिर उनमें पानी भरा रहने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है. फिसलने से कई वाहन चालक घायल हो चुके हैं.

### बरखेड़ी खुर्द में नहीं लगती झाड़ू

बरखेड़ी खुर्द में भी यही स्थिति है. सड़कें उखड़ी पड़ी है. सड़कों पर धूल उड़ती है. सड़क पर गिट्टी होने से दो पहिया वाहन चालक को गिरने का भय रहता है. वहीं नालियों की सफाई कभी नहीं की जाती है. झाड़ू भी नहीं लगती नहीं है. सड़कों पर कचरा पड़ा रहता है.यहां पर नाले की कभी सफाई नहीं की गई. कचरे से भरा हुआ है.



कचरे की गाड़ी नहीं रुकती. इसलिए कचरा बाहर ही फेंकना पड़ता है, झाड़ू नहीं लगती. नाली अधूरी पड़ी है.
**फ्रीडा फेरी,** बरखेड़ी कला,



हमारे यहां सफाई नहीं होती. पार्क की जगह खाली पड़ी है लेकिन बनवाया नहीं. बच्चे सड़क पर खेलते हैं.
**कुंजीलाल मारन.** बरखेड़ी खुर्द



सफाई के लिए कभी कोई नहीं आता है. कचरा यहां-वहां पड़ा रहता है. नलों में पानी प्रेशर से नहीं आता.
**जमुना यादव,** बरखेड़ी खुर्द



कचरा वाहन नहीं आने से कचरा घर में रखना पड़ता है.बाद में उसे बाहर फेंक देते हैं. खाली प्लॉट में पानी भरने से मच्छर पनप रहे हैं.
**एस एस गहरवार,** विश्वकर्मा नगर



सड़कों की स्थिति खराब है. गिट्टी वाली सड़क है. बड़े-बड़े गड्ढे हो गये हैं आम दिनों में तो परेशानी होती ही है लेकिन बारिश के दौरान तो निकलना दूभर हो जाता है.
**आदित्य शर्मा,** प्रेम नगर



कचरा उठता नहीं. सफाई होती नहीं है. नाली नहीं है, जिससे बारिश का पानी सड़कों पर ही बहता है. सड़कें उखड़ रही हैं.
**अभिषेक,** रहवासी, ब्रहमपुरी कॉलोनी



संपत्ति कर बढ़ता जा रहा है. इस बार एक हजार रुपए ज्यादा आया है. स्वयं ही सफाई करवाना पड़ती है. कचरा वाहन खराब होने का बहाना बनाते हैं. उद्यान की भूमि आरक्षित है लेकिन निर्माण नहीं किया गया.
**दीपेंद,** विश्वकर्मा नगर



सामुदायिक भवन के लिए जगह तो काफी है लेकिन बनवाया नहीं. छोटे-छोटे आयोजनों के लिए रहवासियों को परेशान होना पड़ता है. नालियों की सफाई खुद ही करनी पड़ती है.
**अमृतलाल यादव,** बरखेड़ी खुर्द



### पानी- सीवेज की लाइन बिछाई जा रही है

मैंने अतिक्रमण हटवाकर वार्ड कार्यालय बनाया. पूरी बिल्डिंग वार्ड के बीचो-बीच बनाईं जा रही है. पूरे वार्ड में इस समय सीवेज नेटवर्क का कार्य चल रहा है. अमृत 2.0 के तहत पानी की पाइप लाइन बिछाई जा रही है और इस क्षेत्र की सबसे बड़ी पानी की टंकी बनाई जा रही है. शासकीय स्कूलों में भी काम कराया गया. अनेक स्थानों पर सड़कों का निर्माण कराया. पूरा क्षेत्र नया विकसित हो रहा है इस वार्ड में काम करने की अपार संभावना है. दो वार्ड के बराबर क्षेत्रफल है. वार्ड में लगातार हमारी सक्रियता बनी हुई है.
**राजमनि उईके,** भाजपा पार्षद



हमारी कॉलोनी में न ही सड़कें बनीं और न सफाई होती है. उबड़-खाबड़ रास्ते होने से पैदल चलना मुश्किल है. कचरा वाहन आता है.
**नितिन,** विशाल नगर

## एक नजर में

### फंदे पर लटका मिला महिला का शव

**भोपाल.** छोला मंदिर इलाके में रविवार को 26 वर्षीय एक महिला का शव घर के कमरे में लगे फांसी के फंदे पर लटका मिला. उसका पति भी घर में मौजूद था. पुलिस मामले में सभी एंगल से जांच कर रही है. जानकारी के मुताबिक माधवी सिंह का शव घर के कमरे में लटका मिला. माधवी की मकान मालकिन उससे मिलने के लिए घर के अंदर गई थी, जहां उन्होंने यह नजारा देखा. मकान की मालिक ने सूचना पुलिस को दी.

### मेल ट्रेन मैनेजर ने घायल यात्री की बचाई जान

**भोपाल.** इटारसी से भोपाल आ रही ट्रेन में मेल ट्रेन मैनेजर रोमेश चौबे ने सूझबूझ दिखाते हुए चलती ट्रेन से गिरकर घायल हुए यात्री की जान बचाई. ट्रेन शाम 5:23 बजे इटारसी से रवाना हुई थी. किलोमीटर 745/40 के पास चौबे की नजर ट्रैक किनारे घायल यात्री पर पड़ी. उन्होंने तत्काल ट्रेन का प्रेशर गिराकर गाड़ी रुकवाई और यात्रियों की मदद से घायल को ट्रेन में लाया. यात्री के शरीर पर गंभीर चोटें थीं.

### 40 हजार गैस उपभोक्ताओं ने नहीं कराई ई-केवाईसी

**भोपाल.** राजधानी के करीब 4.5 लाख रसोई गैस उपभोक्ताओं में से लगभग 40 हजार ने अब तक ई-केवाईसी नहीं कराई है. पहले 16 अगस्त अंतिम तिथि तय की थी, जिसे बढ़ाकर 23 अगस्त किया गया था. गैस एजेंसियों को आगे तारीख बढ़ाने की कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली. यदि समयसीमा नहीं बढ़ाई गई तो ई-केवाईसी नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन प्रभावित हो सकते हैं.

# देर रात तेज बारिश, कुछ देर के लिए बिजली भी गुल

### लहारपुर क्षेत्र में कार और जीप में टक्कर के कारण जाम की स्थिति बनी

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 23 अगस्त. शहर में देर रात तेज बारिश के कारण शहर तर-बतर हो गया. इस वजह से कुछ हिस्सों में बिजली गुल होने की सूचनाएं भी हैं.**



बारिश के बीच लहारपुर ब्रिज पर कार और जीप में टक्कर के कारण कार में सवार महिलाएं और बच्चे तथा जीप में सवार व्यक्तियों को चोट पहुंची है. हादसा बाग सेवनिया से कटारा हिल्स के 80 फीट रोड पर लहारपुर ब्रिज पर हुआ. इस वजह से ब्रिज पर तकरीबन एक घंटे के लिए जाम की स्थिति रही. पुलिस की गैरमौजूदगी में वहां से गुजरने वाले लोगों ने ही जैसे तैसे जाम को खुलवाया.

शहर के एमपी नगर, अरेरा कॉलोनी, बैरसिया रोड, होशंगाबाद रोड समेत पूरे शहर में रात्रि में तेज बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर गया. एमपी नगर समेत अनेक क्षेत्रों में बारिश के दौरान बिजली भी गुल हो गई. हालाकि कुछ देर बाद बिजली प्रदाय फिर से प्रारंभ हो गया.

इस बीच शहर के प्रमुख आकर्षण बड़ी झील का जलस्तर 1665.45 फीट पर पहुंच गया है. यह अधिकतम जलस्तर सीमा 1666.80 से कुछ कम है. माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में और बारिश की स्थिति में जलस्तर बढ़ेगा.

# युवक की हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

- जुआ में हारने के बाद किया था हमला

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 23 अगस्त. पिपलानी पुलिस ने जुए के विवाद ने युवक की हत्या करने वाले दो आरोपी भाइयों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों ने युवक को बचाने के लिए बीच-बचाव में गए उसके 20 साल के भतीजे पर भी हमला किया था.**

घायल अवस्था में दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां इलाज के दौरान शनिवार रात युवक की मौत हो गई. जानकारी के मुताबिक 40 वर्षीय महेश वर्मा ने आरोपी रवि प्रजापति को जुआ में हरा दिया था. दोनों ने साथ बैठकर 20 अगस्त को जुआ खेला था. हार जाने के बाद रवि घर चला गया. महेश को फोन कर दोबारा खेलने के लिए बुलाया. महेश जब वहां पहुंचा तो रवि ने भाई राकेश के साथ मिलकर डंडों से उस पर हमला कर दिया. महेश का भतीजा अंशू भी पहुंचा और चाचा को बचाने का प्रयास किया. हमले में महेश और अंशू घायल हो गया. महेश को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शनिवार रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. अंशू ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने उसे गवाही देने पर जान से मारने की धमकी देने के साथ ही उसे 40 हजार रुपये देने का लालच भी दिया था. पुलिस इन आरोपों की भी जांच कर रही है.

### आज से राजधानी में दौड़ेंगी 10 नई ई-बसें

**भोपाल.** राजधानी में सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने के लिए सोमवार से 10 नई इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर उतरेंगी. इसके साथ ही शहर में ई-बसों की संख्या 20 से बढ़कर 30 हो जाएगी. नई बसें बैरागढ़, कोलार रोड, बावड़ियाकलां, एमपी नगर और आईएसबीटी सहित प्रमुख क्षेत्रों को जोड़ेंगी. बसों की संख्या बढ़ने से यात्रियों को करीब 10 से 15 मिनट में बस उपलब्ध होने की उम्मीद है.

### दो बहनों के साथ युवक ने की छेड़खानी

**भोपाल.** शाहजहांनाबाद में रविवार को दो बहनों से छेड़खानी का मामला सामने आया. आरोपी युवक के खिलाफ थाने पहुंचकर हिंदू संगठनों ने केस दर्ज कराया. जानकारी के मुताबिक आरोपी युवक उजेफा ने दो बहनों के साथ छेड़छाड़ की. आरोप है कि उजेफा कई दिनों से इनका पीछा कर रहा था. मौका पाकर आरोपी ने दोनों बहनों के साथ दुर्व्यवहार किया और इसकी शिकायत किसी से करने पर दोनों को जान से मारने की धमकी दी.

# गोकशी का इनामी आरोपी गिरफ्तार

- चार साथी पहले ही जा चुके हैं जेल

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 23 अगस्त. निशातपुरा पुलिस ने तीन हजार के इनामी और गोकशी के आरोपी इकराम कुरैशी को गिरफ्तार किया है. आरोपी के चार साथियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है.**

पुलिस के मुताबिक बीते 17 जुलाई को फरियादी लखन यादव की सूचना पर पुलिस ने दो आरोपियों अजीज और उसके बेटे आसिफ को गौकशी मामले में गिरफ्तार किया था. पुलिस ने घटनास्थल से एक ऑटो में रखा एक मृत गाय का शव भी बरामद किया था. पशु क्रुरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने दो अन्य आरोपी अनीस और जुबेर को भी गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था. इस मामले में पांचवा आरोपी इकराम कुरैशी उर्फ गोप निवासी कमलनगर करोंद ) लगातार फरार चल रहा था.

### 3.4 किलो डोडा चूरा जब्त, युवक गिरफ्तार

क्राइम ब्रांच ने बैरागढ़ के सीटीओ रोड से 3 किलो 400 ग्राम डोडा चूरा जब्त कर राजस्थान निवासी युवक हरेंद्र प्रकाश उर्फ संदीप (20) को गिरफ्तार किया है. आरोपी थैले में डोडा चूरा लेकर ग्राहक का इंतजार कर रहा था. तलाशी में उसके पास से 200 रुपये और मोबाइल फोन भी मिला. पूछताछ में आरोपी ने डोडा चूरा अपने पिता जगदीश मिर्धा का बताया.

# नीलम पार्क में तीन मोर्चों का फूटा गुस्सा

### जंतर-मंतर की तर्ज पर प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राएं

- सरकार और व्यवस्था के खिलाफ हल्ला बोला
- नर्सिंग छात्रों ने दी सीएम हाउस के घेराव की चेतावनी

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 23 अगस्त. दिल्ली के जंतर मंतर में हुए प्रदर्शन के बाद मप्र के युवाओं ने भी उसी तर्ज पर शिक्षक वर्ग 2 और 3 में पद वृद्धि, नर्सिंग घोटाला और प्रदेश में बंद होते सरकारी स्कूलों को लेकर रविवार को जमकर प्रदर्शन किया गया. प्रदेशभर से आए हजारों युवाओं, शिक्षकों, अभिभावकों और नर्सिंग अभ्यर्थियों ने तीन अलग-अलग गंभीर मुद्दों को लेकर सरकार और व्यवस्था के खिलाफ हल्ला बोल दिया.**




### परीक्षा और रिजल्ट की मांग पर अड़े नर्सिंग छात्र

नीलम पार्क में प्रदर्शन कर रहे नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने बताया कि वर्ष 2020, 2021 और 2022 सत्रों के विद्यार्थियों के परिणाम, परीक्षाएं और स्कॉलरशिप अटकी हुई है.जिसके कारण प्रदेश भर के लाखों विद्यार्थियों की नर्सिंग की 4 साल की डिग्री 6 साल में भी पूरी नहीं हो सकी है. अपनी इसी मांग को लेकर सरकार से जल्द से जल्द परीक्षा करवाने और रिजल्ट घोषित करने को लेकर लगातार प्रदर्शन किया जा रहा है.विद्यार्थियों का कहना है कि उनकी मांगे नहीं मानी गई तो फिर से सीएम हाउस का घेराव किया जायेगा.



### अन्न जल छोड़कर बैठे अभ्यर्थी

शिक्षक भर्ती वर्ग 2 और 3 के अभ्यर्थियों ने तीसरे दिन भी अपना प्रदर्शन जारी रखा और मांगों पर सुनवाई न होने पर भूख हड़ताल शुरू कर दी.इस दौरान एक अभ्यर्थी भूख हड़ताल पर बिना अन्न और जल के डॉ.बीआर आंबेडकर और महात्मा गांधी की तस्वीर लिए था. विद्यार्थियों ने शिक्षा विभाग में लाखों खाली पदों का हवाला देते हुए पद वृद्धि की मांग की है. उन्होंने कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगो को लेकर कोई ठोस आश्वासन लिखित रूप से नहीं देती, प्रदर्शन जारी रहेगा. मांगों को मानने में जितना समय लगेगा, धीरे-धीरे उतने अभ्यर्थी भूख हड़ताल पर बैठते जायेंगें. प्रदर्शन में अभ्यर्थी लगातार माध्यमिक शिक्षक भर्ती वर्ग 2 के प्रत्येक विषय में 3 हजार और प्राथमिक शिक्षक भर्ती 2025 वर्ग 3 में 25 हजार पद वृद्धि की मांग कर रहे है.




### सरकारी स्कूल बंद करने के खिलाफ आंदोलन

स्कूल बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले आयोजित विशाल कन्वेंशन में सैकड़ों छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने भाग लिया.समिति ने 90 प्रतिशत सरकारी स्कूलों को बंद करने, विलय (मर्जर) करने और बजट कटौती पर तुरंत रोक लगाने की मांग की है. प्रदर्शनकारियों ने सरकार से पुराने और जर्जर भवनों को सांदीपनि विद्यालय में विलय करने की जगह उनकी मरम्मत कर, वहां शिक्षकों की नियुक्ति कर सुचारू रूप से चलाने की मांग की है.

मानवीय संवेदना | रेहान की हत्या के बाद एसीपी समेत पुलिसकर्मी हर छोटी जरूरत का रख रहे ध्यान

# बेटा चला गया, मां का हाथ थामे खड़ी रही पुलिस

- लोगों ने दो साल तक राशन देने का वादा किया
- 60-70 हजार रुपए मदद के लिए दिए, इलाज भी कराया

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 23 अगस्त. इकलौते बेटे रेहान की हत्या के बाद अकेली पड़ी मां रानी के लिए पुलिस अब सिर्फ कानून-व्यवस्था संभालने वाली एजेंसी नहीं, बल्कि सहारा बनकर सामने आई है.**




16 वर्षीय रेहान के जाने के बाद परिवार पर आए संकट को देखते हुए पुलिसकर्मी लगातार उसकी मां के संपर्क में हैं. जरूरत की छोटी से छोटी चीज की जानकारी लेने से लेकर रोजमर्रा की आवश्यकताओं तक का ध्यान रखा जा रहा है. पुलिसकर्मियों की यह पहल मानवीय संवेदना की मिसाल बन रही है.

रेहान की मौत के बाद उसकी मां के सामने सबसे बड़ी चुनौती अकेलेपन और रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने की थी. ऐसे समय में पुलिसकर्मियों ने परिवार को अकेला नहीं छोड़ा. वे लगातार रानी से संपर्क कर उनकी जरूरतों की जानकारी ले रहे हैं. पुलिस ने उनके घर में लोगों की मदद से दो साल तक के राशन की व्यवस्था करने का जिम्मा लिया, पुलिस की अपील से 60-70 हजार रुपए की सहायता पहुंच चुकी है. रेहान अपनी मां के लिए कृत्रिम दांत बनवाना चाहता था. उसकी मां को खाने में परेशानी होती थी और रेहान की इच्छा थी मां को अपनी कमाई से वह जल्द दांत लगवा देगा. इससे पहले उसकी हत्या कर दी गई. रेहान की यह इच्छा एसीपी संतोष पटेल ने सोशल मीडिया पर साझा की. इसके बाद डॉ. अतीक खान और उनकी टीम ने आगे आकर रेहान की मां की जांच की. उनके दांतों की माप भी ले ली गई है. एसीपी पटेल के अनुसार जल्द ही उन्हें दांत लगा दिए जाएंगे. रेहान की मौत के बाद उसकी मां के लिए पुलिस और डॉक्टरों की यह मदद उसके बेटे की आखिरी इच्छा पूरी करने की दिशा में एक संवेदनशील पहल है.

### लापता होने के 4 दिन बाद मिला था शव

दरअसल, 16 साल का रेहान मोती मस्जिद और इकबाल मैदान के आसपास पेन-कॉपी बेचकर अपना परिवार चलाता था. 6 अगस्त 2026 को वह अचानक लापता हो गया था. परिजनों ने तलैया थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई. 4 दिन बाद 10 अगस्त को पुलिस को छोटे तालाब के धोबी घाट के पास एक शव मिला. अंग निकालने की लिए उसकी हत्या कर दी गई थी.

### इनका कहना..

रेहान की मौत का दुख परिवार के लिए कभी खत्म नहीं होगा, लेकिन इस मुश्किल दौर में पुलिस का साथ उसकी मां के साथ है. कानून की जिम्मेदारी निभाने के साथ जरूरतमंद परिवार के साथ खड़ा होना भी पुलिसिंग का मानवीय पक्ष है. शहरवासी भी मदद के लिए आगे आ रहे हैं.
**संतोष पटेल,** एसीपी, कोतवाली

# तीन लोगों से तीन लाख की ठगी, पुलिस ने जांच शुरू की

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 23 अगस्त. अयोध्या नगर इलाके में तीन लोगों से जालसाजों ने तीन लाख से अधिक की साइबर ठगी हुई. पुलिस ने ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

जानकारी के मुताबिक दुर्गेश विहार में रहने वाले अरविंदर कौर को एक अंजान नंबर से फोन आया. कॉलर ने खुद को उनकी पहचान का बताया. अरविंद को भी फोन पर वही आवाज मालूम हुई. कॉलर ने इस बात का फायदा उठाकर अरविंद को झांसे में लिया और उनसे 2.41 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए. इसी तरह न्यू मिनसल रेजिडेंसी रहवासी मोहिंदर प्रताप के साथ आरोपी ने फर्जी दस्तावेज़ों के नाम पर गुमराह करते हुए उनसे 98,935 रुपये की ठगी की. इसके साथ ही रहवासी युवक गीतेश गणेश को साइबर जालसाज ने एक जांच एजेंसी का खुद को सदस्य बताते हुए एक मामले में उन्हें फंसाने की धमकी दी. पीड़ित ने झांसे में आकर ठग के खाते में 88 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए. ठगी का एहसास होने पर पीड़ितों ने थाने पहुंचकर केस दर्ज कराया.